Prepp

Practice, Learn and Achieve Your Goal with Prepp


# UP Police Exam

Previous Year Paper

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in



# भाग 1 सामान्य हिन्दी

**1. दिए गए विकल्पों में से बादल का समानार्थी शब्द कौन-सा है?**
(a) अंबुज (b) नीरज (c) जलज (d) अंबुद

**2. वर्ष 1982 में इनमें से किसे ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला है?**
(a) जयशंकर प्रसाद (b) महादेवी वर्मा
(c) बंकिमचन्द्र चटर्जी (d) इनमें से किसी को नहीं

**3. निम्न शब्दों में पुल्लिंग शब्द कौन-सा है?**
(a) जाति (b) विधि (c) राशि (d) शशि

**4. अचानक घबरा जाना अर्थ के लिए निम्नलिखित में से उचित मुहावरा कौन-सा है?**
(a) हक्का-बक्का रह जाना (b) हाथों के तोते उड़ना
(c) भीगी-बिल्ली बनना (d) अपने पाँव पर कुल्हाड़ी मारना

**5. मैंने मेरे को सुधार लिया है। वाक्य में किस प्रकार की अशुद्धि है?**
(a) कारक (b) सर्वनाम
(c) लिंग (d) वचन

**6. लोकोक्ति अपने आप में पूरा वाक्य होती है, जबकि मुहावरा होता है.........**
(a) वाक्यांश (b) पूर्ण इकाई
(c) अर्थ विशेष (d) परंपरागत कथन

**7. कंगाली में आटा गीला प्रस्तुत लोकोक्ति का अर्थ निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प दर्शाता है?**
(a) बुरे के साथ रहने से बुराई ही मिलती है
(b) एक तो दोष था, दूसरा और लग गया
(c) मुसीबत में और मुसीबत आना
(d) गरीबी में और मुसीबत आना

**8. व्याकरण का वह विभाग, जिसमें शब्दों के भेद, रूप, बनावट आदि का वर्णन होता है, वह क्या कहलाता है?**
(a) शब्द विचार (b) वर्ण विचार
(c) वाक्य विचार (d) भाषा विचार

**9. जो भाववाचक संज्ञा नहीं है उसका चयन करके रिक्त स्थान भरें निम्न में से ......... भाववाचक संज्ञा नहीं है।**
(a) करुणा (b) सुन्दरता
(c) अमीरी (d) पढ़ाई

**10. चाँदनी का समानार्थी निम्नलिखित में से कौन-सा नहीं है?**
(a) बिजली (b) ज्योत्सना
(c) चमक (d) रोशनी

**11. नीचे दिए गए शब्दों में से सही शब्द पहचानिए।**
(a) त्यौहार (b) त्योहर
(c) त्योहार (d) तयोहार

**निर्देश (प्र.सं. 12-14) : नीचे दिए गए गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा सम्बन्धित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

भाषा का प्रश्न अत्यन्त संवेदनशील है, अतएव इस पर बड़ी सूझ-बूझ, सहानुभूति और धैर्य से विचार करना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में जो भी समाधान ढूँढ़ा जाए, उससे यह आभास नहीं होना चाहिए कि एक भाषाई गुट की विजय हुई है और दूसरे की पराजय। कोई भी सर्वमान्य हल निश्चय ही उस भारतीय राष्ट्रीयता की विजय का द्योतक होगा, जिसने अतीत में समय-समय पर अपनी शक्ति प्रदर्शित की है। हमने राष्ट्रीयता तो प्राप्त कर ली है, एक राष्ट्रीय पताका भी अपना लिया है, परन्तु हम देश की एक सम्पर्क भाषा, संघ की राजभाषा अपनाने के अपने अभीष्ट लक्ष्य पर अभी तक नहीं पहुँच पाए हैं। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए हमें अनुकूल वातावरण तैयार करने की जी तोड़ कोशिश करनी होगी। ऐसे मामलों में जल्दबाजी आत्मघाती है, क्योंकि उससे अनेक समस्याएं खड़ी हो जाती हैं, खास तौर पर लोगों के मन में सन्देह और अविश्वास उत्पन्न हो जाता है और ये दोनों ही राष्ट्रीय एकता के कट्टर दुश्मन हैं।

**12. इस गद्यांश का शीर्षक क्या है?**
(a) राष्ट्रभाषा की तलाश
(b) भाषा विवाद और राष्ट्रीय एकता
(c) राष्ट्रभाषा हिन्दी
(d) हिन्दी का महत्त्व

**13. भाषा के प्रश्न को हल करने के लिए किस गुण की आवश्यकता है?**
(a) राजनीतिक चातुर्य (b) साम्प्रदायिक सद्भावना
(c) प्रशासनिक दक्षता (d) विवेक, धैर्य और सहानुभूति

**14. उपर्युक्त गद्यांश का मूल तथ्य क्या है?**
(a) राजभाषा के सर्वसम्मत हल के बिना राष्ट्रीया एकता सम्भव नहीं है
(b) भारतीय राष्ट्रीयता क्षेत्रीय स्वार्थों पर विजय प्राप्त कर लेना है
(c) भाषा का विवाद एक गम्भीर समस्या है
(d) भाषा के प्रश्न को राष्ट्रीय एकता के परिप्रेक्ष्य में देखा जाना चाहिए

**15. निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा अलंकार का भेद नहीं है?**
(a) साधारणधर्म (b) उपमान
(c) वाचक (d) लक्षण

**16. कनक कनक ते सौ गुनी मादकता अधिकाय। ये खाए बौरात हैं वे पाए बौराय। यहाँ कौन-सा अलंकार प्रयोग हुआ है?**
(a) अनुप्रास (b) यमक
(c) उपमा (d) श्लेष

**17. यह कहानी रोचक है। यह विशेषण का कौन-सा भेद है?**
(a) संकेतवाचक (b) निश्चित संख्यावाचक
(c) सार्वनामिक (d) गुणवाचक

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**18. नीचे दिए गए शब्दों में से कौन-सा गुणवाचक का उदाहरण नहीं है?**
(a) ऐतिहासिक (b) प्रभावशाली
(c) पाश्चात्य (d) बहुत लम्बी रस्सी

**19. निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प 'बहू' का बहुवचन दर्शाता है?**
(a) बहुयें (b) बहुजन (c) बहूएँ (d) बहुएँ

**20. कादम्बरी किस लेखक की रचना है?**
(a) भवभूति (b) कबीर (c) बाणभट्ट (d) विद्यापति

**21. साकार का विपरीत शब्द दिए हुए विकल्पों में से कौन-सा है?**
(a) विकार (b) निराकार (c) आकार (d) प्रकार

**22. भाषा लिखने के लिए प्रयुक्त चिह्नों के व्यवस्थित रूप को क्या कहते हैं?**
(a) व्याकरण (b) बोली (c) भाषा (d) लिपि

**23. नाव का समानार्थी शब्द निम्नलिखित विकल्पों में से कौन-सा नहीं है?**
(a) नौका (b) डोंगी (c) तरुणी (d) तरी

**24. प्रश्न-पत्र में कुछ प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त लिखने होते हैं तो कुछ .........से। दिए हुए में से उचित विकल्प का चयन करके प्रस्तुत वाक्य पूर्ण कीजिए।**
(a) लघु (b) विस्तृत (c) विस्तार (d) दीर्घ

**25. हिन्दी भारत की कौन-सी भाषा है?**
(a) राज्यभाषा (b) ब्रजभाषा (c) राष्ट्रभाषा (d) सम्पर्क भाषा

**26. रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करें।**

**हम जिनसे कुछ रखते ......... हैं, वह हमारी ......... करते हैं।**
(a) उम्मीद, मदद (b) अपकार, उपकार
(c) अपेक्षा, उपेक्षा (d) चिन्ता, सहायता

**27. रिक्त स्थानों की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्पों का चयन करें।**
**......... और ......... दोनों शब्दांश हैं, जिन्हें मूल शब्दों में जोड़कर नए शब्दों का निर्माण किया जाता है।**
(a) सन्धि, समास (b) क्रिया, समास
(c) उपसर्ग, प्रत्यय (d) संज्ञा, विशेषण

**28. जहाँ एक शब्द अनेक अर्थों में प्रयुक्त होता है, वहाँ कौन-सा अलंकार होता है?**
(a) यमक (b) श्लेष (c) शब्दश्लेष (d) अर्थ-श्लेष

**29. रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प का चयन करें।**
**इंडोनेशिया में एक बार फिर ज्वालामुखी ने ......... बरपाया है।**
(a) क्रोध (b) कहर (c) रूप (d) तहलका

**30. क्रिया के जिस रूप में वर्तमन में क्रिया के होने का संदेह हो, क्रिया का वह सन्दर्भ क्या कहलाता है?**
(a) संदिग्ध भूत (b) संदिग्ध वर्तमान
(c) संभाव्य भविष्यत् (d) अपूर्ण वर्तमान

**31. जिस कृति के लिए कवि नागार्जुन को साहित्य अकादमी पुरस्कार मिला, वह किस भाषा में रचित है?**
(a) हिन्दी (b) संस्कृत (c) प्राकृत (d) मैथिली

**32. एकाकिनी शब्द का लिंग बदलें।**
(a) एक (b) एकाकिन (c) एकाकी (d) एकाकिनी

**33. समास विग्रह और उनके भेद की जानकारी दे रहे प्रस्तुत वाक्य में रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए सही विकल्पों का चयन करें।**

**देशभक्ति का समास विग्रह है......... और समास विग्रह का भेद है .........।**
(a) देश पर भक्ति, अधिकरण तत्पुरुष
(b) देश से भक्ति, करण तत्पुरुष
(c) देश की भक्ति, सम्बन्ध तत्पुरुष
(d) देश के लिए भक्ति, सम्प्रदान तत्पुरुष

**34. पद्मावत महाकाव्य कौन-सी भाषा में लिखा है?**
(a) राजस्थानी (b) खड़ी बोली (c) अवधी (d) ब्रज

**35. पंक्ति शब्द का वचन बदल कर लिखिए।**
(a) पंक्तिआँ (b) पंक्तियाँ (c) पंक्तियों (d) पंक्तीयाँ

**36. जबरदस्ती चिपका हुआ इसके अर्थ को दर्शाता सही मुहावरा दिए हुए विकल्पों में से कौन-सा है?**
(a) नाक में नकेल डालना (b) नाकों चने चबाना
(c) गले का ढोल (d) गले पड़ना

**37. ''वह, तुम और हम बाजार जाएँगे'' वाक्य को शुद्ध कीजिए।**
(a) तुम, वह और हम बाजार जाएँगे।
(b) वह, तुम और हम बाजार जाएँगे।
(c) हम, तुम और वह बाजार जाएँगे।
(d) वह, हम और तुम बाजार जाएँगे।

**38. ''यह देखिए, अरविन्द से शिशु वृन्द कैसे सो रहे प्रस्तुत वाक्य में कौन-सा अलंकार है?**
(a) व्यतिरेक (b) लुप्तोपमा (c) अन्योक्ति (d) पूर्णोपमा

**39. ''मैं आप पर श्रद्धा करती हूँ।'' प्रस्तुत वाक्य में त्रुटि है, जिसका शुद्ध रूप कोई एक विकल्प में है, वह विकल्प कौन-सा है?**
(a) मैं आपमें श्रद्धा करती हूँ (b) मैं आपकी श्रद्धा रखती हूँ
(c) मैं आपको श्रद्धा करती हूँ (d) मैं आपके श्रद्धा रखती हूँ

**40. दिए गए शब्दों में से नित्य एकवचन में प्रयोग होने वाला कौन-सा शब्द नहीं है?**
(a) जनता (b) आकाश (c) हस्ताक्षर (d) पानी

## भाग 2 मूलविधि एवं संविधान/सामान्य अध्ययन

**41. भरतपुर राष्ट्रीय उद्यान निम्नलिखित राष्ट्रीय उद्यानों में से किसका पूर्व नाम है?**
(a) पेंच राष्ट्रीय उद्यान
(b) काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
(c) रणथंबोर राष्ट्रीय उद्यान
(d) केओलादेव राष्ट्रीय उद्यान

**42. आयकर अधिनियम के तहत, जिस कम्पनी का कोई भी अन्तर्राष्ट्रीय लेन-देन नहीं होता, उसके लिए रिटर्न जमा करने की नियत तारीख कौन-सी है?**
(a) 31 जुलाई (b) 30 नवम्बर
(c) 30 सितम्बर (d) 31 अगस्त

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**43. अविश्वास प्रस्ताव के विषय में इनमें से कौन-सा सही है?**
P. यह केवल लोकसभा में लाया जा सकता है।
Q. यह केवल मंत्रिपरिषद् के खिलाफ लाया जा सकता है, किसी एक मंत्री के खिलाफ नहीं।
(a) केवल P (b) केवल Q
(c) P और Q दोनों ही नहीं (d) P और Q

**44. निम्नलिखित में से कौन-सा जनहित याचिका के बारे में सत्य है?**
P. एक बार जनहित याचिका दायर की गई और उस पर सुनवाई हुई तो फिर उसे वापस लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती।
Q. जनहित याचिका दायर करने वाले व्यक्ति के लिए अपनी रुचि दिखाना आवश्यक नहीं है।
(a) P और Q (b) केवल P
(c) P और Q दोनों ही नहीं (d) केवल Q

**45. निर्देशक सिद्धान्तों को उस क्रम में व्यवस्थित करें जिस क्रम में वे संविधान में सूचीबद्ध हैं।**
P. राज्य द्वारा लोगों के कल्याण को बढ़ावा देने के सामाजिक क्रम को सुरक्षित रखना।
Q. समान न्याय और मुफ्त कानूनी सहायता।
R. ग्राम पंचायतों को संगठित करना।
(a) RPQ (b) PRQ (c) PQR (d) QPR

**46. ब्रिटिश ईस्ट इण्डिया कम्पनी के परिसमापन और ब्रिटिश क्राउन को उसके कार्यों के हस्तांतरण के लिए कौन-सा अधिनियम लाया गया था?**
(a) पिट्स इण्डिया अधिनियम, 1784
(b) भारत सरकार अधिनियम, 1858
(c) 1813 का चार्टर अधिनियम
(d) 1853 का चार्टर अधिनियम

**47. संविधान में 42वाँ संशोधन पारित किए जाने के समय भारत का राष्ट्रपति कौन था?**
(a) जैलसिंह (b) नीलम संजीव रेड्डी
(c) फखरुद्दीन अली अहमद (d) वीवी गिरि

**48. गुटनिरपेक्ष आन्दोलन का 17वाँ शिखर सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?**
(a) नई दिल्ली भारत (b) बेलग्रेड, यूगोस्लाविया
(c) पोरलामार, वेनेजुएला (d) तेहरान, ईरान

**49. निम्न में कौन-सा किसी इकाई द्वारा दावा किए गए डेटा के गुण-न्यास की सत्यता की पुष्टि का कार्य है?**
(a) प्रमाणीकरण (b) लेखापरीक्षा
(c) जाँच योग (d) अभिगम नियन्त्रण

**50. निम्नलिखित में से कौन-सी कम्पनी क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (सीआरए) नहीं है?**
(a) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद् (आईसीएआर)
(b) क्रेडिट विश्लेषण और अनुसंधान (सीएआरई), लिमिटेड
(c) मूडीज निदेशक सेवा
(d) निवेश सूचना और क्रेडिट रेटिंग एजेंसी (आईसीआरए)

**51. निम्नलिखित में से किस सेक्टर के समग्र विकास और प्रबन्धन को सक्षम करने के लिए मिशन फिंगरलिंग नामक कार्यक्रम शुरू किया गया है?**
(a) मत्स्य-पालन सेक्टर (b) मधुमक्खी-पालन सेक्टर
(c) बागवानी सेक्टर (d) डेयरी सेक्टर

**52. आइसलैण्ड में हाल ही में 2017 में आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय तलवारबाजी (फेंसिंग) स्पर्धा में सेबर एकल में स्वर्ण पदक किसने जीता था?**
(a) सी० ए० भावनी देवी (b) सोफिया वेलिकाय
(c) किम जी-योन (d) यना इगोरियन

**53. इनमें से कौन-सा/से विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) से सम्बन्धित है/हैं?**
I. मुक्त घरेलू प्रापण या परिचालन के लिए माल का आयात, एसईजेड इकाइयों का रखरखाव और विकास।
II. केन्द्रीय और राज्य स्तर की मंजूरी के लिए निकासी की एकल खिड़की है।
III. कस्टम अधिकारी आयात और निर्यात के लिए माल की नियमित जाँच के लिए नहीं जाते हैं।
(a) केवल II और III (b) उपर्युक्त सभी
(c) केवल I और II (d) केवल I

**54. भारत के प्रथम मुख्य न्यायाधीश कौन थे?**
(a) के० जी० बालकृष्णन (b) एम० पतंजलि शास्त्री
(c) बिजन कुमार मुखर्जी (d) एच० जे० कानिया

**55. निम्न में से कौन-सा विकल्प केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सेन्ट्रल विजिलेंस कमिशन-सीवीसी) के बारे में सच नहीं है?**
(a) सीवीसी केन्द्रीय और राज्य स्तर पर सरकारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों की जाँच कर सकता है
(b) केन्द्रीय सतर्कता आयोग उच्च स्तरीय सरकारी अधिकारियों के खिलाफ शिकायतों की जाँच कर सकता है
(c) समूह A से ऊपर के सभी अधिकारी (संयुक्त सचिव के ऊपर) इसके क्षेत्राधिकार में आते हैं
(d) आरबीआई, नाबार्ड और एलआईसी जैसे संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी इसके क्षेत्राधिकार में आते हैं

**56. संसद अपनी संशोधन शक्ति का उपयोग संविधान के अनुच्छेद-368 के तहत मूल संरचना अथवा ढाँचे को क्षतिगस्त, निष्प्रभावी, नष्ट, निरस्त, परिवर्तन या हेर-फेर करने के लिए नहीं कर सकती। निम्न में से कौन-सा मामला उपरोक्त कथन से सम्बन्धित है?**
(a) इंदिरा साहनी बनाम भातीय संघ
(b) विशाखा बनाम राजस्थान राज्य
(c) चम्पकम दोरैराजन बनाम मद्रास राज्य
(d) केशवानन्द भारती बनाम केरल राज्य

**57. भारत के कौन-से राज्य में सबसे अधिक सिंचित क्षेत्र है?**
(a) पश्चिम बंगाल (b) उत्तर प्रदेश
(c) राजस्थान (d) पंजाब

**58. निम्न में से किस स्वतंत्रता सेनानी के खिलाफ केन्द्रीय विधानसभा बम मामला (1929) दायर किया गया था?**
(a) राजगुरु (b) बटुकेश्वर दत्त
(c) सुखदेव (d) चन्द्रशेखर आजाद

**59. आंग्ल भारतीय समुदाय के लिए लोकसभा में कितनी सीटें आरक्षित हैं?**
(a) 1 (b) 2 (c) 3 (d) 0

**60. राष्ट्रपति के चुनाव के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?**
P. अगर राष्ट्रपति का चयन करने वाली पीठ (कॉलेजियम) में उल्लेखनीय रिक्तियाँ हों तो राष्ट्रपति के रूप में किसी व्यक्ति के चुनाव पर सवाल उठाया जा सकता है।
Q. राष्ट्रपति पद के लिए नामांकित व्यक्ति, को अपना नाम मतपत्र पर दर्ज कराने के लिए 50 मतदाता प्रस्तावक के रूप में और 50 मतदाता समर्थक के रूप में चाहिए होते हैं।

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

(a) P और Q (b) केवल P
(c) केवल Q (d) P और Q दोनों ही नहीं

**61. केन्द्र और राज्य के बीच प्रशासनिक सम्बन्धों के बारे में निम्न में से कौन/सा/से कथन सही है/हैं?**

P. अनुच्छेद-256 बताता है कि प्रत्येक राज्य की कार्यकारी शक्ति का प्रयोग इस प्रकार किया जाएगा कि संसद द्वारा बनाए गए नियमों का अनुपालन सुनिश्चित हो।

Q. संविधान के अनुच्छेद-257 में प्रावधान है कि प्रत्येक राज्य की कार्यकारी शक्ति का प्रयोग इस प्रकार किया जाएगा ताकि वह संघ की कार्यकारी शक्ति के अमल में बाधा या प्रतिकूल प्रभाव न डाले।

(a) केवल P (b) केवल Q
(c) P और Q दोनों ही नहीं (d) P और Q

**62. इनमें से किस भारतीय राज्य में बाघ रक्षित स्थान (टाइगर रिजर्व) की संख्या अधिकतम है?**

(a) आंध्र प्रदेश (b) तमिलनाडु (c) मध्य प्रदेश (d) पश्चिम बंगाल

**63. भारतीय दण्ड संहिता की धारा-304B के अन्तर्गत, "दहेज मौत" के लिए जिम्मेदार व्यक्ति को न्यूनतम कितने वर्ष की सजा देने का प्रावधान है?**

(a) 3 वर्ष (b) 7 वर्ष (c) 5 वर्ष (d) 12 वर्ष

**64. राष्ट्रपति शासन को उसकी घोषणा के कितने समय के अन्दर संसद द्वारा अनुमोदित कर दिया जाना चाहिए?**

(a) 2 महीने (b) 1 महीने (c) 6 महीने (d) 3 महीने

**65. कौन-से दो व्यक्तियों ने 1947 से 1950 तक किंग जॉर्ज-VI के प्रतिनिधि के रूप में भारत के गवर्नर जनरल की भूमिका निभाई थी?**

(a) लुई माउण्टबेटन और जवाहरलाल नेहरू
(b) लुई माउण्टबेटन और राजेन्द्र प्रसाद
(c) राजेन्द्र प्रसाद और सी० राजगोपालाचारी
(d) लुई माउण्टबेटन और सी० राजगोपालाचारी

**66. 1970 के दशक में मौन घाटी परियोजना एक प्रमुख पर्यावरण बनाम विकास विवाद बन गई थी। यह मुददा एक बाँध के निर्माण को लेकर था। इसका प्रतिकूल असर किस राज्य के उष्णकटिबन्धीय वन क्षेत्र के बड़े क्षेत्र पर पड़ने वाला था?**

(a) कर्नाटक (b) केरल
(c) महाराष्ट्र (d) मध्यप्रदेश

**67. निम्नलिखित में से किसे मांसपेशीय-कंकालीय (मस्कुलोस्टकेलेटल) प्रणाली, विशेष रूप से रीढ़ के यांत्रिक विकारों का निदान और उपचार कहा जाता है?**

(a) ओब्स्टेट्रिक्स (b) काइरोप्रैक्टिक चिकित्सा पद्धति
(c) आर्थोपिडिक (d) जेरीऐट्रिक्स

**68. कर प्रणाली के तहत अघोषित आय की चोरी करने वालों की जाँच के लिए विमुद्रीकरण के तुरन्त बाद कौन-सा अभियान शुरू किया गया था?**

(a) स्वच्छ धन अभियान
(b) हरित धन अभियान (ऑपरेशन ग्रीन मनी)
(c) काला धन अभियान
(d) विदेशी लघुअवधि धन अभियान (ऑपरेशन हॉट मनी)

**69. सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के तहत "सूचना अधिकार" में निम्न में से कौन-सा/से शामिल है/हैं?**

P. दस्तावेजों और रिकॉर्डों का निरीक्षण करना।

Q. सामग्री के प्रमाणित नमूनों को लेने का अधिकार।

R. प्रिंटआउट, डिस्क, विडियो कैसेट आदि के रूप में जानकारी प्राप्त करने का अधिकार।

(a) P और R (b) P और Q
(c) केवल P (d) P, Q और R

**70. कणों की तरंग प्रकृति किसने स्थापित की?**

(a) डी-ब्रोगली (b) फर्मी
(c) पाली (d) क्लार्क मैक्सवेल

**71. जो अल्पसंख्यक छात्र यूपीएससी, एसएससी आदि द्वारा आयोजित पूर्व परीक्षा उत्तीर्ण कर लेते हैं, उन्हें मुख्य परीक्षा की तैयारी में सहायता प्रदान करने के लिए जो योजना है, उसका नाम क्या है?**

(a) नपई उड़ान (b) हौंसला (c) समृद्धि-शक्ति (d) नवजीवन

**72. एमनेस्टी इंटरनेशनल की स्थापना किसने की थी?**

(a) बान की मून (b) नेल्सन मंडेला
(c) मदर टेरेसा (d) पीटर बनेनसन

**73. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने हेतु कामकाजी महिलाओं के लिए वह कौन-सी ऑनलाइन शिकायत प्रबन्धन प्रणाली है जो नवम्बर, 2017 में मेनका गांधी द्वारा शुरू की गई थी?**

(a) ई-बॉक्स (b) आय एम दैट वूमन
(c) # मी टू (d) माय वॉयस

**74. इस यातायात प्रतीक से क्या अभिप्रेत है?**



(a) आगे Y जंक्शन (b) आगे यातायात विभाजन
(c) आगे यातायात विलय (d) तिराहा

**75. निम्न में से कौन-सी इकाई (यूनिट) तुल्यकालन संकेत उत्पन्न करती है?**

(a) कंट्रोल यूनिट (b) मैमरी यूनिट
(c) आउटपुट यूनिट (d) प्रोसेसर यूनिट

**76. भारत में संसदीय क्षेत्रों की संख्या कितनी है और लोकसभा में कितने सांसद हैं?**

(a) 543, 545 (b) 543, 543
(c) 541, 543 (d) 545, 545

**77. आजादी के बाद से भारत में कितनी बार आपातकाल स्थिति घोषित की गई है?**

(a) तीन बार (b) एक बार (c) दो बार (d) चार बार

**78. कौन-सा महासागर अधिकतम निमग्न द्वीपों से बना है?**

(a) प्रशान्त महासागर (b) अटलांटिक महासागर
(c) भारतीय महासागर (d) अंटार्कटिक महासागर

**79. भारतीय राष्ट्रीय विश्वविद्यालय विधेयक, 2015 में रक्षा मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय महत्त्व के एक विश्वस्तरीय पूर्ण स्वायत्त संस्थान को कहाँ स्थापित करने का प्रस्ताव है?**

(a) पुणे (b) मोहाली (c) जयपुर (d) गुरुग्राम

**80. निम्नलिखित में से कौन-सा स्थान बुद्ध वंश के शाक्यों द्वारा शसित था?**

(a) कपिलवस्तु (b) अंग (c) मगध (d) गंधार

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

# भाग 3 संख्यात्मक एवं मानसिक योग्यता परीक्षण

**81.** $C$ एक काम को पूरा करने के लिए $B$ से दोगुना समय लेता है। $A$ उसी काम को पूरा करने के लिए $C$ से तीन गुना समय लेता है। $A, B$ और $C$ एक साथ काम शुरू करते हैं। $A$ काम के पूरा होने से 6 दिन पहले छोड़ देता है और $B$ काम के पूरा होने से 3 दिन पहले छोड़ देता है और $C$ $x$ दिनों के लिए काम करता है। अगर $B$ अकेले उसी काम को 16 दिनों में पूरा कर सकता है तो कितने दिनों में काम पूरा हो जाएगा?
(a) 16 दिन (b) 20 दिन (c) 10 दिन (d) 12 दिन

**82.** निम्न प्रश्न में ? की जगह पर क्या आएगा?

$$9999 \times 19 + 1111 \times 111 + 777 \times 7 = ?$$

(a) 390031 (b) 291301 (c) 191131 (d) 373131

**निर्देश (प्र.सं. 3-5) :** निम्नलिखित जानकारी का अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

यह तालिका विभिन्न कम्पनियों में काम कर रहे कर्मचारियों की संख्या को और सम्बन्धित कम्पनियों में काम कर रही महिला कर्मचारियों के प्रतिशत को दर्शात है।

| कम्पनी | कर्मचारियों की कुल संख्या | महिला कर्मचारियों का प्रतिशत |
|---|---|---|
| A | 2600 | 45 |
| B | 1800 | 50 |
| C | 2000 | 48 |
| D | 1400 | 40 |
| E | 1500 | 55 |

**83.** कम्पनी $C$ में काम कर रहे पुरुष कर्मचारियों की संख्या और कम्पनी $B$ में काम कर रही महिला कर्मचारियों की संख्या के बीच क्या अन्तर है?
(a) 120 (b) 35 (c) 40 (d) 140

**84.** कम्पनी $D$ में महिला कर्मचारियों की संख्या, कम्पनी $A$ में काम कर रहे पुरुष कर्मचारियों की संख्या का कितना प्रतिशत है?
(a) 48.75% (b) 41.33% (c) 39.16% (d) 63.22%

**85.** अगर कम्पनी $E$ के कुल कर्मचारियों में से 20% छोड़ देते हैं, तो कम्पनी $E$ में काम कर रहे पुरुष कर्मचारियों की संख्या की तुलना में कम्पनी $C$ में काम कर रही महिला कर्मचारियों की संख्या का अनुपात क्या है, यह मानते हुए कि कुल कर्मचारियों में से 20% के छोड़ देने के बाद भी पुरुष और महिला का अनुपात समान रहता है?
(a) 7 : 12 (b) 12 : 17 (c) 16 : 9 (d) 9 : 11

**86.** निम्न प्रश्न में ? की जगह पर क्या आएगा?
$90 \times 11 \div 15 \times 45 - 980 + 42 \times 48 = ?$
(a) 4019 (b) 4016 (c) 4006 (d) 4009

**87.** 5 व्यक्ति $A, B, C, D$ और $E$ की आयु का अनुपात निम्नानुसार है। $A : E$ है $1 : 2, B : C$ है $4 : 3 ; E : B$ है $1 : 2$, $C$ की उम्र $D$ उम्र का 60% है और $C$ और $D$ की उम्र का योग 120 है। सबसे कम उम्र के व्यक्ति की आयु का पता लगाएँ।
(a) 25 साल (b) 20 साल (c) 15 साल (d) 30 साल

**88.** एक व्यक्ति का क्रमशः किराया, स्कूल फीस और घरेलू सामान पर मासिक व्यय 3 : 4 : 6 के अनुपात में होता है। यदि प्रत्येक माह के लिए उसके द्वारा दी गई फीस ₹ 5,6000 है, तो उसकी वार्षिक आय क्या है? (मान लें, वह कुछ भी नहीं बचता है।)
(a) ₹ 2,39,800 (b) ₹ 2,18,400
(c) ₹ 2,18,900 (d) ₹ 1,90,800

**89.** निम्न प्रश्न में ? की जगह पर क्या आएगा?

$$4\frac{1}{7} \times \frac{21}{58} + \frac{9}{11} \times 165 = ?$$

(a) $135\frac{1}{2}$ (b) $134\frac{1}{2}$ (c) $136\frac{1}{2}$ (d) $132\frac{1}{2}$

**90.** वर्ष 2016 में एक कॉलेज में छात्रों की कुल संख्या 2500 है। इनमें से 55% लड़के हैं और बाकी लड़कियाँ हैं। वर्ष 2017 में, छात्रों की कुल संख्या में 12% की वृद्धि हुई। यदि लड़कों और लड़कियों के बीच का अनुपात पिछले वर्ष से बदलता नहीं है, तो वर्ष 2017 में कॉलेज में लड़कियों की कुल संख्या ज्ञात करें।
(a) 1135 (b) 1100
(c) 1130 (d) 1260

**91.** यदि 20 जनवरी, 2030 को रविवार है, तो 4 जनवरी, 2028 को कौन-सा वार होगा?
(a) सोमवार (b) रविवार
(c) मंगलवार (d) शनिवार

**92.** निम्नलिखित डेटा के माध्यिका और माध्य का योग क्या है?
56, 48, 68, 113, 180, 104, 124
(a) 104 (b) 5 (c) 99 (d) 203

**93.** एक ट्रेन 3 घण्टे में एक निश्चित दूरी तय करती है। यदि ट्रेन की गति 20 किमी प्रति घण्टा कम की जाती है, तो उसी दूरी को तय करने में 1 घण्टा अधिक लगता है। तो लिए गए सामान्य समय और मूल गति को 50% बढ़ा देने के बाद लिए जाने वाले समय के बीच अन्तर का पता लगाएँ।
(a) 1 घण्टे (b) 3 घण्टे
(c) 4 घण्टे (d) 2 घण्टे

**94.** एक घोड़े को 16 मीटर भुजा वाले चौकोर मैदान के एक कोने पर 14 मीटर लम्बी एक रस्सी के साथ बाँधा जाता है। मैदान के उस क्षेत्रफल का पता लगाएँ जो घोड़े की पहुँच से बाहर है।
(a) 95 $m^2$ (b) 72 $m^2$
(c) 102 $m^2$ (d) 112 $m^2$

**95.** 70 मीटर व्यास का एक कुआँ 40 मीटर गहरा खोदा गया है और निकाली गयी मिट्टी को एक तटबंध बनाने के लिए 10 मीटर की चौड़ाई तक इसके चारों ओर बिखेर दिया गया है। तटबंध की ऊँचाई ......... है।
(a) 61.25 मीटर (b) 81.25 मीटर
(c) 51.25 मीटर (d) 65.25 मीटर

**96.** संगीता ने 15% के लाभ पर एक साड़ी बेची। अगर उसने साड़ी को 10% कम पर खरीदा होता और पिछले बिक्री मूल्य की तुलना मे ₹400 अधिक पर बेच दिया होता, तो वह 33.33% लाभ प्राप्त कर लेती। साड़ी का मूल लागत मूल्य क्या है?
(a) ₹ 7,600 (b) ₹ 8,000
(c) ₹ 7,500 (d) ₹ 8,400

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**97.** 18 लीटर के मिश्रण में एसिड और पानी 5 : 1 के अनुपात में है। जब $x$ लीटर पानी को मिश्रण में मिलाया जाता है, तो एसिड और पानी का अनुपात 3 : 1 हो जाता है। $x$ का मान क्या है?
(a) 1 (b) 2 (c) 5 (d) 3

**98.** 4/5, 5/7, 4/7 का महत्तम समापवर्तक ज्ञात करें।
(a) 1/35 (b) 5/13 (c) 2/31 (d) 1/31

**99.** यदि एक ट्रेन की गति 32 किमी/घण्टा है, तो 9 सेकण्ड में ट्रेन द्वारा तय की गयी दूरी कितनी है?
(a) 95 मीटर (b) 88 मीटर (c) 92 मीटर (d) 80 मीटर

**100.** 3 साल के लिए ₹ 15000 की राशि पर साधारण ब्याज ₹ 3600 है। प्रति वर्ष ब्याज की दर का पता लगाएँ।
(a) 8% (b) 6% (c) 10% (d) 12%

**101.** यदि $A = \{6, 8, 23, 69, 80\}$ और $B = \{4, 8, 69, 80, 82\}$ और सकल समुच्चय $U = \{1, 2, 3, ,, 150\}$।
$n(A \cup B) : \{n(A) \cap B) + 10\}$... है।
(a) 11 : 3 (b) 13 : 1 (c) 11 : 1 (d) 143 : 147

**102.** चार बल्ब क्षण भर के लिए क्रमशः 2, 3, 4 और 5 मिनट के 4 अलग-अलग अन्तरालों पर जलते हैं। वे रात 8:00 बजे एक साथ चालू किए गए थे। अगली बार किस समय पर सभी बल्ब एक साथ जलेंगे?
(a) रात 8:45 (b) रात 9:45
(c) रात 8:30 (d) रात 9:00

**103.** $A$ एक वस्तु को चिह्नित कीमत पर 20% की छूट पर बेचता है। यदि चिह्नित कीमत ₹1200 है तो, वस्तु का बिक्री मूल्य क्या है?
(a) ₹ 1020 (b) ₹ 1,080 (c) ₹ 940 (d) ₹ 960

**104.** $A, B$ और $C$ एक साथ 12 दिनों में एक काम को पूरा कर सकते हैं। $A$ 24 दिनों में काम को पूरा कर सकता है और $B$ उसी काम को 32 दिनों में पूरा कर सकता है। $C$ अकेले उसी काम को कितने दिनों में पूरा कर सकता है?
(a) 64 दिन (b) 48 दिन (c) 96 दिन (d) 24 दिन

**105.** निम्न प्रश्न में ? का मान ज्ञात करें।
$0.010 \times 0.25 + 2.3 \times 4 + 0.6666 - 0.340 = ?$
(a) 95.291 (b) 9.5291 (c) 9.2915 (d) 9.9251

**106.** कक्षा $A$ और कक्षा $B$ के गणित में औसत अंक क्रमशः 80 और 99 हैं। कक्षा $A$ में कुल छात्रों की संख्या 45 और कक्षा $B$ में 50 है। यदि प्रत्येक कक्षा से 5 न्यूनतम अंक निकाल दिए जाते हैं, जिसके कारण दोनों कक्षा $A$ और कक्षा $B$ की कुल मिलाकर औसत 3 बढ़ जाता है, तो हटाए गए अंकों का औसत ज्ञात करें।
(a) 70.5 (b) 58.5
(c) 62.5 (d) 64.5

**107.** एक व्यक्ति को एक निश्चित दूरी को तय करने में 8 घण्टे लगते हैं, जब वह 5 किमी प्रति घण्टा की गति से यात्रा करता है। यदि वह साइकिल के बजाय बाइक का उपयोग करता है, तो उसी दूरी को तय करने के लिए वह 2 घण्टे कम का समय लेता है। अगर बाइक की गति बस की गति से एक तिहाई है, तो बस की गति क्या है?
(a) 30 किमी/घण्टा (b) 20 किमी/घण्टा
(c) 40 किमी/घण्टा (d) 35 किमी/घण्टा

**108.** शब्द ASSERTION के सभी अक्षरों को कितने तरीके से व्यवस्थित किया जा सकता है?
(a) 5760 (b) 362880 (c) 181440 (d) 6480

**109.** 180 का 15%, 250 के 18% का कितना प्रतिशत है?
(a) 54% (b) 62% (c) 71% (d) 60%

**110.** किसी संख्या के 5/9 भाग के 4/5 भाग को उसी संख्या से जब घटाया जाता है तो 300 शेष होता है। उस संख्या का 5/6 भाग क्या है?
(a) 450 (b) 560 (c) 550 (d) 520

**111.** एक दुकानदार ने ₹ 20 की 14 के दर से कुछ स्ट्रॉबेरी खरीदे और वह ₹ 8 की दर से उन्हें बेचता है। उसके लाभ प्रतिशत का पता लगाएँ।
(a) 91.75% (b) 88.50% (c) 92.50% (d) 94.25%

**112.** शराब और पानी के 40 लीटर मिश्रण में 65% शराब है। मिश्रण में पानी की मात्रा का पता लगाएँ।
(a) 14 लीटर (b) 15 लीटर (c) 16 लीटर (d) 12 लीटर

**113.** दो व्यक्ति $A$ और $B$, 3 : 2 के अनुपात में दो अलग-अलग योजनाओं में अपने धन का निवेश करते हैं। $A$ और $B$ अपने धन को 3 साल के लिए ब्याज दर 10% प्रतिवर्ष के हिसाब से क्रमशः साधारण और चक्रवृद्धि ब्याज पर निवेश करते हैं। यदि निवेश किया गया कुल धन ₹ 10000 है, तो दो योजनाओं में प्राप्त ब्याज राशि के बीच अन्तर क्या है?
(a) ₹ 476 (b) ₹ 746 (c) ₹ 656 (d) ₹ 536

**114.** $A$ और $B$ एक साथ 12 दिनों में एक काम को पूरा कर सकते हैं। $A$ अकेले ही उसी काम को 18 दिनों में पूरा कर सकता है। $A$ और $B$ ने काम शुरू किया और 4 दिनों के बाद $A$ ने छोड़ दिया। $B$ द्वारा बाँकी का काम कितने दिनों में पूरा हो जाएगा?
(a) 12 दिन (b) 24 दिन (c) 36 दिन (d) 18 दिन

**115.** निम्न प्रश्न में ? का मान ज्ञात करें?
$$\frac{0.49x^2 + 0.09y^2 + 0.42xy}{0.4x + 0.3x + 0.3y} = ?$$
(a) $7x + 3y$ (b) $0.7x + 0.3y$
(c) $0.07x + 0.03y$ (d) $0.49x + 0.09y$

**116.** पहली संख्या के 70%, दूसरी संख्या के 45% और तीसरी संख्या के 30% का योग, 30 के वर्ग से 1020 अधिक है। दूसरी संख्या पहली संख्या से दोगुनी है। दूसरी संख्या और प्रथम संख्या के बीच का अन्तर भी 30 का वर्ग है। तीसरी संख्या के 5/7वें भाग के 63% के 40% का मान क्या है?
(a) 268 (b) 288 (c) 482 (d) 472

**117.** 300 मीटर और 400 मीटर क्रमशः की लम्बाई वाली दो ट्रेनें $A$ और $B$ एक ही समय पर एक-दूसरे की तरफ चलना शुरू करती हैं और 10 सेकण्ड में एक-दूसरे को पार करती हैं। यदि ट्रेन $A$ की गति 50 मीटर/सेकण्ड है तो ट्रेन $B$ की गति का पता लगाएँ।
(a) 18 मी./से. (b) 15 मी./से.
(c) 20 मी./से. (d) 22 मी./से.

**118.** एक कक्षा में 50 छात्रों का औसत वजन 52 किग्रा है। यदि पहले 25 छात्रों का औसत वजन 50 किग्रा है और अगले 24 छात्रों का औसत वजन 54 किग्रा है, तो अन्तिम छात्र का वजन ज्ञात करें।

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

(a) 56 किग्रा (b) 58 किग्रा
(c) 45 किग्रा (d) 54 किग्रा

**119. यदि 23 दिसम्बर, 2020 को बुधवार है, तो 23 जनवरी, 2021 को कौन-सा वार होगा?**
(a) शनिवार (b) गुरुवार
(c) रविवार (d) बुधवार

**120. एक बक्से में 2 माजा, 1 फेंटा, 4 एप्पी और 3 पेप्सी हैं। यदि उनमें से दो को एक-एक करके बेतरतीब ढंग से उठाया जाता है, और उनके स्थान पर दूसरी नहीं रखी जाती, तो इसकी कितनी प्रायिकता है कि दोनों एप्पी ही हों?**
(a) 2/3 (b) 3/11
(c) 2/15 (d) 3/4

# भाग 4 मानसिक अभिरुचि/बुद्धिमत्ता/तार्किक परीक्षण

**121. मीना अपने घर से दक्षिण की तरफ 50 मीटर चलती है और फिर बाईं ओर मुड़ जाती है और 20 मी चलती है। फिर उत्तर की ओर मुड़कर वह 30 मीटर चलती है और फिर अपने घर चलना शुरू कर देती है। मीना का मुँह अब किस दिशा की तरफ है?**
(a) उत्तर (b) दक्षिण (c) उत्तर-पश्चिम (d) दक्षिण-पूर्व

**निर्देश (प्र.सं. 122-124) :** निम्नलिखित जानकारी का ध्यान से अध्ययन करें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

एक शब्द और संख्या विन्यास मशीन को जब शब्दों और संख्याओं की एक इनपुट पंक्ति दी जाती है तो वह प्रत्येक चरण में एक विशेष नियम का अनुसरण कर उनका पुनर्विन्यास करती है। निम्नलिखित इनपुट का और इसके पुनर्विन्यास का एक उदाहरण है। (सभी संख्याएँ दो की संख्याएँ हैं।)

**इनपुट :** torn 45 25 sum ball 93 74 39 white king give 31 62 catch
**चरण I :** 25 torn 45 sum 93 74 39 white king give 31 62 catch ball
**चरण II :** 31 25 torn 45 sum 93 74 39 white king give 62 ball catch
**चरण III :** 39 31 25 torn 45 sum 93 74 white king 62 ball catch give
**चरण IV :** 45 39 31 25 torn sum 93 74 white 62 ball catch give king
**चरण V :** 62 45 39 31 25 torn 93 74 white ball catch give king sum
**चरण VI :** 74 62 45 39 31 25 93 white ball catch give king sum torn
**चरण VII :** 93 74 62 45 39 31 25 ball catch give king sum torn wihte

और चरण VII ऊपर दिए गए इनपुट के पुनर्विन्यसास का अन्तिम चरण है क्योंकि वांछित विन्यास प्राप्त हो चुका है।

**122. उपरोक्त चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के लिए कौन-सी चरण संख्या निम्न आउटपुट है?**
38 33 19 87 volt right make 46 torn 63 95 cart gate hate?
**इनपुट** 87 volt right 19 38 make cart hate gate 46 33 torn 63 95
(a) चरण V (b) चरण III (c) चरण IV (d) चरण VI

**123. उपरोक्त चरणों में पालन किए गए नियमों के अनुसार कौन-सा शब्द/संख्या नीचे दिए गए इनपुट के चरण VI में दायीं छोर से 7वें स्थान पर होगा?**
**इनपुट** 87 volt right 19 38 make cart hate gate 46 33 torn 63 95.
(a) volt (b) 95 (c) 19 (d) cart

**124. उपरोक्त चरणों में पालन किये गए नियमों के अनुसार, नीचे दिए गए इनपुट के अन्तिम चरण में '46' और 'right' के बीच कितने तत्त्व है?**
**इनपुट :** 87 volt right 19 38 make cart hate gate 46 33 torn 63 95.
(a) सात (b) पाँच (c) आठ (d) छ:

**निर्देश (प्र.सं. 125-127) :** निम्नलिलिखत सूचनाओं का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।

हिमाचल प्रदेश में स्थिति विवेकानन्द रामकृष्ण इंजीनियरिंग कॉलेज विदेश में उच्च शिक्षा के लिए अपने कर्मचारियों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। कर्मचारियों को छात्रवृत्ति देने के लिए निम्नलिखित शर्तें हैं। उम्मीदवार को/ने

A. 1 अप्रैल, 2017 को तीस वर्ष से अधिक आयु का नहीं होना चाहिए।
B. अपने स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में 70 प्रतिशत से ज्यादा अंक और अपने स्नातक पाठ्यक्रम में 75 प्रतिशत अंक हासिल किए होने चाहिए।
C. कम्पनी में कम से कम दो साल कार्य करने का अनुभव होना चाहिए।
D. कम्पनी के साथ दो साल के लिए एक बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार होना चाहिए।
E. पिछले दो वर्षों में अपने काम के लिए $A$ अथवा $A+$ रेटिंग प्राप्त की होनी चाहिए।

एक उम्मीदवार के मामले में जो अन्य सभी मानदण्डों को पूरा करता है। सिवाय

I. (B) उपर्युक्त के, लेकिन अपने स्नातक स्तर और स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं, और पीएचडी भी की है, उसके मामले को निदेशक को भेजा जा सकता है।
II. (E) उपर्युक्त के, लेकिन रेटिंग $B+$ $A$ या $A+$ के साथ तीन साल का काम का अनुभव है, उसके मामले को अध्यक्ष को भेजा जा सकता है।
III. (D) उपर्युक्त के, ₹ 50000 का भुगतान करने के लिए तैयार है, उसके मामले को प्रधान को भेजा जा सकता है।

**125. इन मानदण्डों और नीचे दी गई जानकारी के आधार पर, इस मामले में क्या निर्णय लेना चाहिए। आपको कोई भी पूर्वानुमान नहीं लगाना है। यह मामला आपको यथास्थिति 1 अप्रैल, 2017 के अनुसार दिया गया है।**
**सुलोचना पण्डित पिछले तीन सालों से कम्पनी में काम कर रही है। उसका कार्य-निष्पादन अच्छा है और उसने पिछले दो सालों से $A+$ रेटिंग हासिल कर ली है। उसके क्रमशः स्नातक और**

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में 70 प्रतिशत और 75 प्रतिशत अंक भी हैं। वह गणित में स्नातकोत्तर है। वह दो साल के लिए बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है। उसकी जन्म तिथि 31.03.1988 है। उसने पीएचडी भी की है।**
(a) छात्रवृत्ति नहीं दी जा सकती है
(b) मामला निदेशक को भेजा जाना चाहिए
(c) मामला प्रधान या अध्यक्ष को भेजा जाना चाहिए
(d) छात्रवृत्ति दी जा सकती है

**126. इन मानदण्डों और नीचे दी जानकारी के आधार पर, इस मामले में क्या निर्णय लेना चाहिए। आपको कोई भी पूर्वानुमान नहीं लगाना है। यह मामला आपको यथास्थिति 1 अप्रैल, 2017 के अनुसार दिया गया है।**
**रवि की आयु 27 वर्ष है और उसे कम्पनी के साथ 4 साल का कार्य अनुभव है। उसे स्नातक स्तर पर 80% अंक और स्नातकोत्तर में 75% अंक मिले हैं। कम्पनी में अपने काम के लिए उसे पिछले 3 वर्षों में *A*+ की रेटिंग मिली। वह 2 साल के लिए बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए तैयार है**
(a) मामला निदेशक को भेजा जाना चाहिए
(b) छात्रवृत्ति दी जा सकती है
(c) छात्रवृत्ति नहीं दी जा सकती है
(d) मामला प्रधान या अध्यक्ष को भेजा जाना चाहिए


**127. इन मानदण्डों और नीचे दी गई जानकारी के आधार पर इस मामले में क्या निर्णय लेना चाहिए। आपको कोई भी पूर्वानुमान नहीं लगाना है। यह मामला आपको यथास्थिति 1 अप्रैल, 2017 के अनुसार दिया गया है।**
**सूर्यानारायणन मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर है। उसके स्नातकोत्तर में 72% अंक और स्नातक स्तर की पढ़ाई में 78% अंक हैं। वह कम्पनी में दो वर्षों से अधिक समय से काम कर रहा है और पिछले दो सालों में उसके कार्य-निष्पादन की रेटिंग क्रमशः *A*+ और *A* है। वह बॉन्ड पर हस्ताक्षर करने के लिए उत्सुक नहीं है, लेकिन यदि छोड़ने की आवश्यकता हुई तो ₹ 50,000 देने के लिए तैयार है। उसकी जन्म तिथि 14.08.1987 है।**
(a) छात्रवृत्ति दी जा सकती है
(b) मामला निदेशक को भेजा जाना चाहिए
(c) छात्रवृत्ति नहीं दी जा सकती
(d) मामला प्रधान या अध्यक्ष को भेजा जाना चाहिए

**128. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन के बाद दो तर्क I और II शामिल हैं। आपको तय करना है कि इनमें से कौन-सा तर्क मजबूत है।**
**कथन :** क्या भारत में जो नेता नहीं हैं, उन्हें जेड-सुरक्षा दी जानी चाहिए।
**तर्क :** I. हाँ, अगर जरूरत पड़े तो।
II. नहीं, क्योंकि वह करदाता के पैसे की बर्बादी है।
(a) न तर्क I मजबूत है और न ही तर्क II मजबूत है
(b) केवल तर्क I मजबूत है
(c) तर्क I और II दोनों मजबूत हैं (d) केवल तर्क II मजबूत है

**129. विनायकन दक्षिण में 5 मीटर चलता है और फिर वह अपनी बाईं ओर मुड़ता है और 12 मीटर चलता है। इसके बाद वह फिर से दक्षिण की ओर मुड़ता है और 8 मीटर चलता है। फिर वह अपने दाईं ओर मुड़ता है और 15 मीटर चलता है। अपने प्रारम्भिक बिन्दु के सन्दर्भ में विनायकन अब किस दिशा में हैं?**
(a) उत्तर-पूर्व (b) दक्षिण
(c) उत्तर (d) दक्षिण-पश्चिम

**130. कमल ने एक तस्वीर में एक महिला का जिक्र करते हुए कहा, "उसकी बेटी का पिता मेरी माँ का दामाद है।" कमल का उस महिला से क्या रिश्ता है?**
(a) भाई (b) पुत्र
(c) अंकल (d) पिता

**131. दिए गए प्रश्न चित्र में कौन-सा उत्तर चित्र पैटर्न को पूरा करेगा?**



(a) (b) (c) (d)

**132. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II शामिल हैं। आपको कथन और दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है कि इनमें से कौन-सा पूर्वानुमान कथन में निहित है।**
**कथन :** केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मन्त्रालय ने सभी वाहन निर्माताओं के लिए, प्रत्येक वाहन के सम्बन्ध में जिसका वे अप्रैल, 2017 तक उत्पादन करते हैं, उत्सर्जन और ध्वनि प्रदूषण विवरण प्रदान करना अनिवार्य कर दिया है।
**पूर्वानुमान**
I. अप्रैल, 2017 से पहले, नियम अनिवार्य नहीं था।
II. भारत में वाहन (शोर) प्रदूषण है उत्सर्जन से मुक्त नहीं हैं।
(a) न तो पूर्वानुमान I निहित है न ही पूर्वानुमान II निहित है।
(b) केवल पूर्वानुमान I निहित है
(c) पूर्वानुमान I और पूर्वानुमान II दोनों निहित हैं
(d) केवल पूर्वानुमान II निहित हैं

**133. अगर एक विशेषकोड भाषा में, LAFANGEY को 31615757 के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कोड भाषा में SAILBOAT के लिए क्या कोड होगा?**
(a) 11586221 (b) 11852612
(c) 12589321 (d) 11932612


**134. नीचे दिया गया प्रश्न दो कथनों I और II से मिलकर बना है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दिए गए डेटा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें।**
**N. का देवर कौन है?**
I. N B की माँ है और A के भाई से विवाहित है।
II. M और D, A के भाई हैं और L D की पत्नी है।
(a) कथन II में दिया गया डेटा अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(b) कथन I में दिया गया डेटा अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं
(d) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

**135. अक्षरों का कौन-सा समुच्चय दी गयी अक्षरों की श्रृंखला में अन्तरालों में अनुक्रमिक रूप से रखे जाने पर, इसे पूरा करेगा?**

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

xy_zy_x_zz_x_yz_yx
(a) zyxzyy (b) yyxzzx (c) zxyyxz (d) xzyyxy


**136. निम्नलिखित चित्र में कितने त्रिकोण है?**




(a) 10 (b) 14 (c) 15 (d) 17

**137. नीचे दिए गए प्रश्न में वो विकल्प ज्ञात करें जो प्रश्न चिह्न (?) की जगह लेगा।**
**BDCE : GIFU :: QSKI : ?**
(a) VWXY (b) VXYW (c) VXNY (d) VYNX

**138. एक कागज के टुकड़े को, जिस तरह नीचे दिखाया गया है, उस तरह से तह किया गया और काटा गया है। सबसे अच्छा विकल्प चुनें यह इंगित करने के लिए कि खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा।**



(A) (B) (C) (D)



(a) (b) (c) (d)

**139. निम्नलिखित संख्या श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर कौन-सी संख्या आनी चाहिए?**
**6, 40, 1812, 7240 ?**
(a) 342 (b) 304 (c) 324 (d) 384

**140. उसका चयन करें जो दिए गए विकल्पों से भिन्न है।**
(a) गाजर (b) पत्तागोभी (c) शलजम (d) आलू

**141. निम्नलिखित जानकारी पढ़ें और दिए गए प्रश्न का उत्तर दें।**
I. ग्यारह छात्राएँ अल्फा, बीटा, सिएटा, डेल्टा, एकता, फेल्टा, गिल्टा, हेमा आयरिश, जूलियट और काईटा एक थियेटर की आखिरी पंक्ति में स्क्रीन के सामने बैठी है।
II. डेल्टा, जो फेल्टा की तत्काल बाईं ओर है, सिएरा के दाएँ से दूसरे स्थान पर है।
III. एकता जो कि एक सिरे पर है, अल्फा उसके दाई ओर दूसरे स्थान पर है।
IV. जूलियट अल्फा और बीटा की तत्काल पड़ोसी है और गिल्टा की बाईं ओर तीसरी है।
V. हेमा डेल्टा की तत्काल बाईं तरफ है और आयरिश की दाईं ओर तीसरे स्थान पर है।
एकता और हेमा के बिल्कुल बीच में कौन बैठी है?
(a) आयरिश (b) जूलियट
(c) अल्फा (d) बीटा

**142. लोगों के एक समूह में S, T का भाई है, X S की बहन है, B H का भाई है और H T का बेटा है। B का अंलक कौन है?**
(a) T (b) H (c) S (d) X

**143. नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए निम्नलिखित जानकारी को ध्यान से पढ़ें ।**
I. 'A + B' का अर्थ है 'A B का पिता है'
II. 'A – B' का अर्थ है 'A B की पत्नी है'
III. 'A × B' का अर्थ है 'A B का भाई है'
IV. 'A ÷ B' का अर्थ है 'A B की बेटी है'
यदि P ÷ R + S + Q, निम्नलिखित में से कौन-सा सत्य है?
(a) P Q की माँ है। (b) Q P की बुआ है।
(c) P Q की बेटी है। (d) P Q की बुआ है।

**144. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन के बाद दो पूर्वानुमान I और II शामिल हैं। आपको कथन और दो पूर्वानुमानों पर विचार करना है और तय करना है कि इनमें से कौन-सा पूर्वानुमान कथन में निहित है।**
**कथन :** केवल अंक पा लेना ही शिक्षा का एकमात्र लक्ष्य नहीं होना चाहिए।
**पूर्वानुमान :**
I. अंक रोजगार प्रदान नहीं करते हैं।
II. अंकों से हमें शैक्षिक संस्थानों में सीटें मिलती हैं।
(a) केवल पूर्वानुमान I निहित है।
(b) पूर्वानुमान I और पूर्वानुमान II दोनों निहित हैं।
(c) न तो पूर्वानुमान I निहित है न ही पूर्वानुमान II निहित है।
(d) केवल पूर्वानुमान II निहित है।

**145. नीचे दिया गया प्रश्न दो कथनों I और II से मिलकर बना है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दिए गए डेटा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें।**
**स्तम्भ Q के सन्दर्भ में स्तम्भ P किस दिशा में हैं?**
I. स्तमभ P, स्तम्भ X के दक्षिण में है, जो स्तम्भ B के पूर्व में है। स्तम्भ Q स्तम्भ B के उत्तर में है।
II. स्तम्भ P स्तम्भ B के दक्षिण-पूर्व में है स्तम्भ X स्तम्भ Q के दक्षिण पूर्व में है।
(a) कथन I में दिया गया डेटा अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(b) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(c) कथन II में दिया गया डेटा अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है
(d) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

**146. दिए गए विकल्पों में से असंगत ज्ञात करें।**
**320, 160, 120, 600, 2100, 9450**
(a) 600 (b) 2100 (c) 9450 (d) 120

**147. निम्नलिखित दोनों कथनों को सही मानें।**
A. जब तक दारा क्रिकेट नहीं खेलता है, अमर क्रिकेट नहीं खेलेगा।
B. दारा केवल रविवार को क्रिकेट खेलता है। कल शनिवार होगा।
निम्न में से कौन-सा निष्कर्ष सही है?
(a) दारा और अमर एक ही टीम में हैं।
(b) दारा ने कल क्रिकेट खेला था।
(c) दारा कल क्रिकेट खेलेगा।
(d) दारा ने कल क्रिकेट नहीं खेला था।

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**148. नीचे दिया गया कथन प्रश्न दो कथनों I और II से मिलकर बना है। आपको यह तय करना है कि क्या कथनों में दिए गए डेटा नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं। दोनों कथनों को पढ़ें और सही विकल्प का चयन करें।**

**कक्षा में कितने छात्र हैं?**

I. टीना का स्थान नीचे से 19वाँ है और वो नीतू से चार स्थान ऊपर है।

II. अतुल का स्थान शीर्ष से 7वाँ है और वो तरुण से 8 स्थान ऊपर है, जिसका स्थान नीचे से 30वाँ है।

(a) कथन I में दिया गया डेटा अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन II में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

(b) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त हैं

(c) कथन I और II में दिए गए डेटा मिलकर प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं हैं

(d) कथन II में दिया गया डेटा अकेले ही प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त है, जबकि कथन I में दिया गया डेटा अकेले प्रश्न का उत्तर देने के लिए पर्याप्त नहीं है

**149. नीचे दिए गए प्रश्न में वो विकल्प ज्ञात करें जो प्रश्न चिह्न (?) की जगह लेगा।**

**गुलामी : स्वतन्त्रता : : अधम : ?**

(a) अशिष्ट (b) उत्तम (c) घृणास्पद (d) नीच

**150. एक खेल के मैदान में आनन्द, भास्करन, चिन्नी, डेविड और एडवर्ड उत्तर की तरफ मुँह किए हुए हैं और नीचे लिखे अनुसार खड़े हैं।**

I. भास्करन डेविड के दाईं ओर 40 मीटर की दूरी पर है।

II. आनन्द भास्करन के दक्षिण में 60 मीटर की दूरी पर है।

III. चिन्नी डेविड के पश्चिम में 25 मीटर की दूरी पर है।

IV. एडवर्ड आनन्द के उत्तर में 90 मीटर की दूरी पर है।

उस व्यक्ति के उत्तर-पूर्व में कौन है, जो भास्करन की बाईं ओर है?

(a) आनन्द (b) चिन्नी (c) डेविड (d) एडवर्ड

**151. नीचे दिए गए प्रश्न में एक कथन के बाद तीन तर्क I, II और III शामिल हैं। आपको तय करना है कि इनमें से कौन-सा तर्क मजबूत है।**

**कथन :** धूम्रपान करने वाले और शराबियों की संख्या कम करने के लिए एक कदम के रूप में, पिछले चार-पाँच वर्षों से, सेंसर बोर्ड फिल्मों में धूम्रपान और शराब पीने से जुड़े दृश्यों को हटाने पर जोर दे रहा है।

**तर्क :**

I. लोग धूम्रपान करने और शराब पीने के लिए फिल्मों से प्रेरित होते हैं।

II. चार-पाँच साल पहले, धूम्रपान करने और शराब पीने के लिए लोग फिल्मों से प्रभावित नहीं होते थे।

III. सेंसर बोर्ड की कुछ सामाजिक जिम्मेदारियाँ भी हैं।

(a) केवल तर्क II मजबूत है

(b) केवल तर्क I और III मजबूत है

(c) केवल तर्क I मजबूत है

(d) कोई मजबूत नहीं है

**152. निम्नलिखित प्रश्न में कुछ कथनों के बाद चार निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सच मानना होगा, भले ही, वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और तय करें कौन-सा निष्कर्ष सामान्यतः ज्ञात तथ्यों की परवाह किए बिना तर्कसंगत रूप से कथनों का अनुसरण करता है।**

**कथन :** सभी वर्ग वृत्त हैं।
कुछ आयत वृत्त हैं।
कुछ त्रिकोण आयत हैं।
सभी त्रिकोण षट्भुज हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ त्रिकोण वृत्त हैं।
II. कुछ आयत षट्भुज हैं।
III. कुछ त्रिकोण आयत और वृत्त दोनों हैं।
IV. कुछ वर्ग षट्भुज हैं।

(a) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(b) केवल निष्कर्ष I और III अनुसरण करते हैं

(c) केवल निष्कर्ष II और III अनुसरण करते हैं।

(d) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

**153. निम्नलिखित प्रश्न में कुछ कथनों के बाद तीन निष्कर्ष दिए गए हैं। आपको दिए गए कथनों को सच मानना होगा, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न हों। सभी निष्कर्षों को पढ़ें और तय करें कौन-सा निष्कर्ष, सामान्यतः ज्ञात तथ्यों की परवाह किए बिना तर्कसंगत रूप से कथनों का अनुसरण करता है।**

**कथन :** सभी राजा रानियाँ हैं। कुछ रानियाँ सैनिक हैं।
सभी सैनिक चोर हैं।

**निष्कर्ष :** I. कुछ राजा चोर हैं।
II. कुछ चोर रानियाँ हैं।
III. सभी राजा चोर हैं।

(a) केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है

(b) केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

(c) सभी निष्कर्ष अनुसरण करते हैं

(d) केवल निष्कर्ष III अनुसरण करता है

**154. दिए गए विकल्पों में से असंगत ज्ञात करें।**

**20, 29, 40, 52, 68, 85**

(a) 40 (b) 85 (c) 29 (d) 52

**155. यदि A + B का अर्थ है 'A B' का भाई है'**

**A × B का अर्थ है 'A B की माँ है' और**

**A ÷ B का अर्थ है 'A B की बहन है, तो निम्न में से किसका अर्थ है**

**'X Y का अंकल है?'**

(a) X ÷ Y + A (b) X × A + Y

(c) X + A × Y (d) X ÷ A + Y

**156. ''अगर सुमी स्कूल जाती है, तो ही, उसकी कक्षा होगी। अगर सुमी जल्दी उठता है, तो वह स्कूल जाएगा'' यदि यह एक सत्य कथन है तो निम्नलिखित निष्कर्षों में से कौन-सा सही है?**

(a) सुमी क्रिकेट खेलने गया था, मतलब वो जल्दी उठा था।

(b) सुमी की कक्षा नहीं थी, मतलब वो स्कूल नहीं गया था।

(c) सुमी सोमवार को स्कूल गया था, मतलब वो जल्दी उठा था।

(d) सुमी की कक्षा नहीं थी, मतलब वो देर से उठा था।

**157. उसका चयन करें जो दिए गए विकल्पों से भिन्न है।**

(a) मटर (b) मूँगफली (c) दालचीनी (d) सेम


**158. अगर एक विशेष कोड भाषा में, TANJORE को WDQMRUH के रूप में लिखा जाता है तो उसी कोड भाषा में MADURAI के लिए क्या कोड होगा?**

(a) PDGXUDL (b) PDGXVDL

(c) PSXGUDL (d) PDGYUDL

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

**159. निम्नलिखित प्रश्न में छः चित्र दिए गए हैं इन्हें Q, 1, 2, 3, 4 और 5 के रूप में संख्यांकित किया गया है। इन छः चित्रों की एक शृंखला बनानी चाहिए। कौन-सा चित्र (1, 2, 3 या 4 के रूप में संख्यांकित) शृंखला में फिट नहीं बैठा है?**



Q 1 2 3 4 5

(a) 2 (b) 3 (c) 1 (d) 4

**160. अगर एक विशेष कोड भाषा में DEMOCRAT को FCOMFPCR के रूप में लिखा जाता है, तो उसी कोड भाषा में MONARCHY के लिए क्या कोड होगा?**

(a) QMPYTAJW
(b) OMPYUAJW
(c) OMPZZTBJW
(d) OMPYTAJW

# उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **1.** (d) | **2.** (b) | **3.** (a) | **4.** (b) | **5.** (b) | **6.** (a) | **7.** (c) | **8.** (a) | **9.** (d) | **10.** (a) |
| **11.** (c) | **12.** (b) | **13.** (d) | **14.** (c) | **15.** (d) | **16.** (b) | **17.** (c) | **18.** (c) | **19.** (d) | **20.** (c) |
| **21.** (b) | **22.** (d) | **23.** (c) | **24.** (c) | **25.** (d) | **26.** (c) | **27.** (c) | **28.** (b) | **29.** (b) | **30.** (b) |
| **31.** (d) | **32.** (c) | **33.** (d) | **34.** (c) | **35.** (b) | **36.** (d) | **37.** (c) | **38.** (b) | **39.** (d) | **40.** (c) |
| **41.** (d) | **42.** (a) | **43.** (d) | **44.** (b) | **45.** (c) | **46.** (b) | **47.** (c) | **48.** (c) | **49.** (a) | **50.** (a) |
| **51.** (a) | **52.** (a) | **53.** (b) | **54.** (d) | **55.** (a) | **56.** (d) | **57.** (b) | **58.** (b) | **59.** (b) | **60.** (c) |
| **61.** (c) | **62.** (c) | **63.** (b) | **64.** (a) | **65.** (d) | **66.** (b) | **67.** (b) | **68.** (c) | **69.** (d) | **70.** (a) |
| **71.** (a) | **72.** (d) | **73.** (b) | **74.** (b) | **75.** (a) | **76.** (a) | **77.** (a) | **78.** (b) | **79.** (d) | **80.** (a) |
| **81.** (d) | **82.** (d) | **83.** (d) | **84.** (c) | **85.** (c) | **86.** (c) | **87.** (a) | **88.** (b) | **89.** (c) | **90.** (d) |
| **91.** (c) | **92.** (d) | **93.** (a) | **94.** (c) | **95.** (a) | **96.** (b) | **97.** (b) | **98.** (a) | **99.** (d) | **100.** (a) |
| **101.** (c) | **102.** (d) | **103.** (d) | **104.** (c) | **105.** (b) | **106.** (d) | **107.** (b) | **108.** (c) | **109.** (d) | **110.** (a) |
| **111.** (*) | **112.** (a) | **113.** (a) | **114.** (b) | **115.** (b) | **116.** (b) | **117.** (c) | **118.** (d) | **119.** (a) | **120.** (c) |
| **121.** (c) | **122.** (b) | **123.** (b) | **124.** (a) | **125.** (b) | **126.** (b) | **127.** (d) | **128.** (b) | **129.** (d) | **130.** (a) |
| **131.** (d) | **132.** (b) | **133.** (d) | **134.** (d) | **135.** (c) | **136.** (b) | **137.** (c) | **138.** (d) | **139.** (b) | **140.** (b) |
| **141.** (d) | **142.** (c) | **143.** (d) | **144.** (d) | **145.** (a) | **146.** (d) | **147.** (d) | **148.** (c) | **149.** (b) | **150.** (d) |
| **151.** (b) | **152.** (d) | **153.** (a) | **154.** (d) | **155.** (c) | **156.** (c) | **157.** (c) | **158.** (a) | **159.** (c) | **160.** (d) |

# संकेत एवं हल

**1.** 'बादल' का समानार्थी शब्द '**अंबुद**' है।

**2.** वर्ष 1982 में महादेवी वर्मा की कृति '**यामा**' को ज्ञानपीठ पुरस्कार मिला।

**3.** जाति शब्द पुल्लिंग है।

**4.** अचानक घबरा जाना, मुहावरे का अर्थ है '**हाथों के तोते उड़ना**'

**5.** ''**मैंने मेरे को सुधार**'' लिया है। वाक्या में **सर्वनाम** की अशुद्धि है।

**6.** विशेष अर्थ को प्रकट करने वाले वाक्यांश मुहावरे कहलाते हैं, अतः प्रश्न में दिए गए रिक्त स्थान में '**वाक्यांश**' शब्द भरा जाएगा।

**7.** '**कंगाली में आटा गीला**' प्रस्तुत लोकोक्ति का अर्थ है, कि मुसीबत में और मुसीबत आना।

**8.** व्याकरण का वह विभाग, जिसमें शब्दों के रूप भेद, बनावट आदि का वर्णन होता है, वह शब्द विचार कहलाता है।

- वर्णों के समूह को शब्द कहते हैं।
- शब्दों को चार भागों में विभक्त करते हैं।

1. 'अर्थ के आधार' पर – अर्थ के आधार पर शब्द दो प्रकार के होते हैं। **सार्थक शब्द, निरर्थक शब्द**
2. **उत्पत्ति के आधार** पर – चार प्रकार के होते हैं, तत्सम, तद्भव, देशज, विदेशज,
3. **व्युत्पत्ति के आधार पर** – तीन प्रकार के होते हैं, रूढ, यौगिक, योग रूढ।
4. **प्रयोग के आधार पर** – दो प्रकार के होते हैं **विकारी, अविकारी**

**9.** पढ़ाई **भाववाचक** संज्ञा नहीं है

**10.** चाँदनी का समानार्थी शब्द **ज्योत्स्ना, चमक रोशनी** हैं।

**11.** सही शब्द '**त्योहार**' है।

**15.** '**लक्षण**' अलंकार का भेद ना होकर '**शब्दशक्ति**' का भेद है।

**16.** पंक्ति में, '**यमक**' अलंकार का प्रयोग हुआ है।

- जब एक शब्द का प्रयोग दो बार होता है और दोनों बार उसके अर्थ अलग-अलग होते हैं, तब यमक अलंकार होता है।

**17.** ''यह कहानी रोचक है यह **सार्वनामिक** विशेषण का भेद है।

- ऐसे सर्वनाम शब्द जो संज्ञा से पहले लगाकर उस संज्ञा ''**शब्द की विशेषण**'' की तरह विशेषता बताते हैं, वे शब्द '**सार्वनामिक विशेषण**' कहलाते हैं।

**18.** 'पाश्चात्य' **गुणवाचक** का उदाहरण नहीं है।

**19.** बहु का बहुवचन '**बहुएँ**' होगा।

**20.** कादम्बरी संस्कृत साहित्य का महान उपन्यास है। इसके रचनाकार बाणभट्ट है। इसकी कथा सम्भवतः गुणाव्य द्वारा रचित बहुकहा (वृद्धकथा) के राजा सुमानस की कथा से ली गई है। यह ग्रन्थ बाणभट्ट के जीवनकाल में पूरा नहीं हो सका। उनकी मृत्यु के बाद उनके पुत्र भूषणभट्ट या (पुलिन्द भट्ट) ने पूरा किया और पिता द्वारा लिखित भाग का नाम पूर्वभाग एवं स्वयं द्वारा लिखित भाग का नाम उत्तरभाग रखा।

Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in